अतिमहत्वपूण/ समयबद्ध/तत्काल

पत्र सं0- अपर आयु0(पुलिस)/प्रशिक्षण / 2022-23/ 1217 /राज्य कर

कार्यालय आयुक्त, राज्य कर,उत्तर प्रदेश

(पुलिस--कैम्प)

दिनांक::लखनऊ:: 06 जून ,2022

समस्त

अपर आयुक्त ग्रेड-2 (वि0 अनु0शा0), राज्य कर,

उत्तर प्रदेश।

कृपया अपर पुलिस महानिदेशक, स्थापना, उ0प्र0 लखनऊ के पत्र संख्या-पांच-111आर (मु0आ0 प्रशिक्षण)2021 दिनांक 02-06-2022 के द्वारा अपर पुलिस महानिदेशक प्रशिक्षण उ0प्र0 लखनऊ के पत्र संख्या:प्रनि-प-111-2019 दिनांक 02-06-2022 द्वारा सम्बन्धित प्रशिक्षण संस्थानों में मुख्य आरक्षी नागरिक पुलिस का आधारभूत प्रशिक्षण दिनांक 06-06-2022 से 01 माह के लिए किये जाने की अपेक्षा की गयी है।

समसन्दर्भ में अनुरोध है कि प्रशिक्षण हेतु नामित अपने-अपने जोन में कार्यरत मुख्य आरक्षियों को निर्देशित कर दे कि वह पुलिस मुख्यालय /अपर पुलिस महानिदेशक प्रशिक्षण उ0प्र0 लखनऊ की वेबसाइड से प्रशिक्षण हेतु नामित प्रशिक्षण संस्थान की पुष्टि करने के उपरान्त आज ही अपने कार्यालयों को अवगत करा दें। तत्पश्चात प्रशिक्षण हेतु पुलिस कर्मियों को सम्बन्धित प्रशिक्षण संस्थान के लिए कार्यमुक्त कर दे, जिससे वह अपनी योगदान आख्या आज दिनांक 06-06-2022 की सांयकाल तक अवश्य प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें । प्रशिक्षण हेतु नामित पुलिस कर्मी की प्रतिनियुक्ति अवधि यदि प्रशिक्षण अवधि के अन्दर समाप्त हो रही हो तो उसकी सूचना से सर्वसम्बन्धित सहित अधोहस्ताक्षरी को भी तत्काल अवगत कराने का कष्ट करें।

06-06-2022

कृते अपर आयुक्त(पुलिस), राज्य कर

उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

पृष्ठांकन पत्र संख्या: व दिनांक: उक्त।

प्रतिलिपि:- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1- अपर पुलिस महानिदेशक, स्थापना, उ0प्र0 लखनऊ के पत्र संख्या-पांच-111आर (मु0आ0 प्रशिक्षण)2021 दिनांक 02-06-2022 के क्रम में।

2- अपर पुलिस महानिदेशकप्रशिक्षण उ0प्र0 लखनऊ के पत्र संख्या:प्रनि-प-111-2019 दिनांक 02-06-2022 के क्रम में।

3- संयुक्त आयुक्त (आई0टी0) राज्य कर मुख्यालय को विभागीय वेबसाइट पर अपलोड कराने हेतु।

अपर आयुक्त(पुलिस), राज्य कर

उत्तर प्रदेश, लखनऊ।